**टाइफैक में परामर्शदाता (हिंदी) की नियुक्ति हेतु विज्ञापन एवं शर्तें (नवंबर, 2020)**

प्रोद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन परिषद् (टाइफैक), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डी.एस.टी.) के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय, भारतीय नागरिकों से समेकित पारिश्रमिक (पेशेवर शुल्क) आधार पर एक वर्ष के अनुबंध के लिए पूर्णकालिक आधार पर परामर्शदाता (हिंदी) की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है । अनुबंध की अवधि आवश्यकता पड़ने पर एक वर्ष और बढ़ाई जा सकती है । नियुक्ति की शर्तें निम्नलिखित हैं :

**1.** अनिवार्य योग्यता - एम.ए. (हिंदी)

**2.** अनुभव - मंत्रालयों/विभागों/स्वायत्तशासी निकायों/सांविधिक निकायों/भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों में राजभाषा (हिंदी) संबंधित मामलों में कार्य करने का कम से कम 15 वर्ष का अनुभव जिनमें कम से कम दस वर्षों का अनुभव पर्यवेक्षण स्तर पर होना चाहिए ।

**3.** वांछनीय - आवेदक को भारत सरकार के नियमों और विनियमों, प्रणालियों और प्रकियाओं आदि का पूरी तरह से ज्ञान और समझ होनी चाहिए । आवेदक को रोजमर्रा के कार्यों के लिए कंप्यूटर के प्रयोग में प्रवीण होना चाहिए । उसे वर्ड प्रोसेसिंग, ई-मेल, इंटरनेट आदि का प्रयोग आना चाहिए ।

**4. आयु** - 02 दिसंबर, 2020 को 65 वर्षों से अधिक नहीं

5. कार्य का क्षेत्र -
- टाइफैक में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन से संबंधित सांविधिक लक्ष्यों को पूरा करना
- टाइफैक में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन पर सांविधिक तिमाही और छमाही रिपोर्टों का प्रेषण
- टाइफैक हिंदी समिति(यों) की बैठकों का समन्वयन
- तिमाही हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन
- हिंदी पखवाड़ा का आयोजन
- टाइफैक पत्रों, आदेशों, परिपत्रों, दस्तावेजों आदि का अनुवाद
- वार्षिक रिपोर्टों का अनुवाद और मंत्रालय को प्रेषण
- हिंदी भाषा में पत्राचार
- द्विभाषी फार्मों को तैयार करना

- हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देना
- हिंदी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन
- राजभाषा हिंदी के संबंध में भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी कार्य

## 6. पेशेवर शुल्क/समेकित पारिश्रमिक

परामर्शदाता मूल्यांकन समिति की सिफारिश के अनुसार परामर्शदाता को 60,000/-रूपये से 1,00,000/-रूपये तक के पारिश्रमिक का भुगतान किया जायेगा । ऊपर वर्णित राशियां सभी मिलाकर होंगी और इनमें सभी कर (यदि हैं तो) भी सम्मिलित होंगे । अन्य आनुषंगिक खर्चों जैसे परिवहन, टेलीफोन आदि का भुगतान नहीं किया जायेगा । यदि उन्हें कहीं बाहर भेजा जाता है तो उन्हें सरकार में उनकी अंतिम यात्रा पात्रता के अनुसार अथवा सी.पी.सी. के वेतन स्तर - 12 के समकक्ष, जो भी कम हो के अनुसार टी.ए./डी.ए. का भुगतान किया जायेगा ।

## 7. अनुबंध की अवधि

सभी परामर्शदाताओं के अनुबंध की अवधि एक वर्ष होगी । अनुबंध प्रस्ताव बनाने से पूर्व, टाइफैक के विवेकाधिकार पर अनुबंध की अवधि को कम किया जा सकता है । अनुबंध पर हस्ताक्षर होने/स्वीकृत होने के बाद, टाइफैक या परामर्शदाता बिना कोई कारण बताये, दूसरी पार्टी को एक महीने का लिखित में नोटिस देकर अनुबंध को समाप्त कर सकते हैं । यदि दोनों पक्ष आपस में सहमत होते हैं तो समान दरों और शर्तों पर अनुबंध को ऊपर उल्लेखित अवधि से बढ़ाया भी जा सकता है ।

## 8. गोपनीयता और हितों का टकराव

नियुक्त् परामर्शदाता से अपेक्षा होगी कि वह गोपनीयता बरकरार रखेंगे और अपने कर्तव्यों का निष्ठा के साथ पालन करेंगे । यदि टाइफैक के हितों के साथ कोई टकराव पाया जाता है तो उनकी सेवाओं को बिना कोई कारण बताये समाप्त किया जा सकता है । इसके अलावा, टाइफैक से लिखित में अनुमति लिए बिना, परामर्श की अवधि के दौरान अन्य कोई और कार्य करने की अनुमति नहीं होगी ।

## 9. छुट्टी की पात्रता

इस प्रकार नियुक्त परामर्शदाता पूर्णकालिक आधार पर होंगे और आनुपातिक आधार पर उन्हें 8 दिनों की छुट्टी की पात्रता होगी जिसके लिए उनके समेकित मासिक पारिश्रमिक से कोई कटौती नहीं की जायेगी ।

**10.** आवेदकों को अपनी योग्यता के प्रमाण के रूप में, निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-साक्ष्यांकित प्रतियां संलग्न करनी होंगी :

(i) ऊपर वर्णित डिग्री/प्रमाणपत्र
(ii) नियोक्ता/संबद्ध प्राधिकारी से पी.पी.ओ., एल.पी.सी.
(iii) नियोक्ता से अनुभव प्रमाणपत्र
(iv) नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र/कार्यमुक्ति पत्र (यदि वर्तमान में सेवा में हैं तो)

अन्य कोई दस्तावेज, जो आवश्यक लगे कि टाइफैक द्वारा छंटाई/चयन/अनुबंध हस्ताक्षर प्रक्रिया के द्वारा उसकी मांग की जा सकती है ।

**11. अन्य शर्तें**

क. निर्धारित प्रपत्र में संलग्नकों के साथ, सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र हार्ड प्रति में प्रभारी (वित्त एवं प्रशासन), टाइफैक, ए विंग, विश्वकर्मा भवन, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली - 110016 को भेजे जायेंगे । वैकल्पिक रूप से, सभी दस्तावेजों की स्कैन प्रतियों के साथ आवेदन पत्र ई-मेल द्वारा regisrar@tifac.org.in पर भेजे जा सकते हैं ।

ख. हार्ड प्रति अथवा ई-मेल द्वारा, आवेदन पत्रों की टाइफैक में प्राप्ति की अंतिम तारीख 02 दिसंबर, 2020 होगी ।

ग. ऊपर वर्णित मानदंडों जैसे योग्यता, आयु आदि की गणना की तिथि 02 दिसंबर, 2020 होगी ।

घ. निर्धारित योग्यताएं/अनुभव निम्नतम हैं और यह मात्र तथ्य है कि यदि किसी अभ्यर्थी के पास ये सब हैं तो वह साक्षात्कार में बुलाये जाने का पात्र नहीं हो जाता है ।

ड. टाइफैक के पास यह अधिकार आरक्षित है कि वह साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों की संख्या को एक उचित सीमा तक प्रतिबंधित कर दें ।

च. टाइफैक के पास यह अधिकार भी आरक्षित है कि वह किसी भी चरण में, बिना कोई कारण बताये किसी या सभी आवेदन पत्रों को निरस्त कर सकता है ।

## परामर्शदाता (हिंदी) की नियुक्ति के लिए आवेदनपत्र का प्रपत्र

1. आवेदित पद का नाम :
2. आवेदक का नाम :
3. जन्म तिथि :
4. स्थायी पता :
5. पत्राचार का पता :
6. संपर्क हेतु फोन नं. (मोबाइल और लैंडलाइन) :
7. ई-मेल आई.डी. :
8. राष्ट्रीयता
9. शैक्षिक योग्यता :
   (10 वीं कक्षा से आगे)

| परीक्षा / डिग्री | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | % ग्रेड | विषय |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

10. व्यावसायिक योग्यता :

| परीक्षा / डिग्री | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | % ग्रेड | विषय |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

11. अनुभव का विवरण - कालानुक्रम (क्रोनोलोजिकल) क्रम में (विवरण अनुलग्नक के रूप में दिया जाये) :

| संगठन का नाम | धारित पद | वेतन | कुल परिलब्धियां | अवधि | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12. अंतिम सेवा की परिलब्धियां
    (अंतिम मूल वेतन, यदि सरकारी सेवा में हों तो)

13. अन्य कोई सूचना

नोटः कृपया विज्ञापन में उल्लेखित के अनुसार प्रमाणपत्रों की स्व-साक्ष्यांकित प्रतियां संलग्न करें ।

**<u>घोषणा पत्र</u>**

मैं इसके द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दी हुई सूचनाएं सत्य एवं पूर्ण हैं ।

दिनांक स्थान हस्ताक्षर